# बेगमगंज में चाकू मारकर की किशोर की हत्या

**▸ मोहर्रम सवारी में हुई धक्का-मुक्की बनी हत्या का कारण**



**नवभारत न्यूज**
**बेगमगंज, 23 जून. बीती रात मोहर्रम के त्यौहार पर जब टेकरी खिरिया नारायण दास से चांद शाह बाबा की सवारी उठकर नीचे आ रही थी एक सकरी गली से निकलने पर दो नाबालिग लड़कों में धक्का -मुक्की को लेकर विवाद हो गया. झूमा-झटकी के बीच लोगों ने दोनों में बीच -बचाव करा दिया था.**

लेकिन जब सवारी पुराना बस स्टैंड पर दहकते अंगारों के अलाव बुझाने के लिए पहुंची तो फिर से दोनों नाबालिगों में विवाद हुआ और आरोपी ने चाकू निकालकर मुबारिक अली कल्लू 16 वर्ष पिता नसीम अली निवासी चोर बाबड़ी बेगमगंज के सीने में घुसेड़ दिया. जिससे वह नीचे गिर गया.

घटना के बाद भगदड़ की स्थिति निर्मित हो गई. गंभीर रूप से घायल मुबारिक कल्लू को उठाकर तत्काल सिविल अस्पताल ले जाया गया . जहां पर डॉक्टर ने जांच उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया.

थानाप्रभारी राजीव उइके ने बताया कि मृतक नाबालिग के बड़े भाई हसीब अली की रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ हत्या सहित अन्य धाराओं में मामला दर्जकर उसे रात में ही गिरफ्तार कर लिया .

# वर्षा में नपती कराने पटवारी ने मजदूर के कबेलू फोड़े

**नवभारत न्यूज**
**बेगमगंज, 23 जून. ग्राम सागोनी में राजस्व विभाग द्वारा भरी वर्षा में गांव के बाड़ों की नपती कराने के लिए राजस्व विभाग ने भरी वर्षा में टीम भेज दी. गांव में नपती करने गए पटवारी एवं राजस्व अमले द्वारा नपती कराने में उसके घर के कवेलू तक फ़ूडवा दिए. जिससे उसका हजारों का नुकसान हुआ है.**

मजदूर रूप सिंह कुशवाहा ने आरोप लगाया है कि आज सागोनी गांव में बाड़ों की नपती करने के लिए क्षेत्र की पटवारी टीम सहित आई थी जिन्होंने नपती के लिए उनके कच्चे कवेलू वाले घर पर टीम के एक लड़के को चढ़ा दिया . जिससे घर की छत पर के कबेलू टूट गए और आज तेज बारिश होने से पानी घर में भर गया है. सोने -उड़ने बिछाने तक के कपड़े एवं अन्य सामग्री पानी



में बुरी तरह भीग गई और उन्हें हजारों की क्षति पहुंची है. गरीब मजदूर रूपसिंह कुशवाहा ने शासन - प्रशासन से क्षतिपूर्ति देने की गुहार लगाई है.

# विधायक कार्यालय के पास जलभराव से भड़के लोग

**▸ पुलिया की मांग को लेकर सागर रोड पर रात में लगा जाम, ईई पीडब्लूडी को सुनाई खरी खोटी**



**नवभारत न्यूज**
**रायसेन, 23 जून. शहर में ड्रेनेज व्यवस्था की बदहाली लोगों के लिए परेशानी का कारण बन गई है. रविवार को दो घंटे हुई तेज बारिश के बाद विधायक डॉ. प्रभुराम चौधरी के कार्यालय के पास पुलिया से पानी ओवरफ्लो होकर आसपास के घरों में घुस गया.**

पहली ही बारिश में घरों में पानी भरने से नाराज रहवासियों ने सोमवार रात को भोपाल-सागर रोड पर चक्का जाम कर दिया. मौके पर पहुंचे लो नि वि के कार्यपालन यंत्री बीके सूत्रकर को भी लोगों ने खूब खरी खोटी सुनाई. लोगों ने जमकर नारेबाजी करते हुए वर्षों से लंबित पुलिया निर्माण की मांग उठाई. रहवासियों का कहना था कि हर साल बारिश में उनके घरों में पानी भर जाता है, लेकिन समस्या के स्थायी समाधान के लिए अब तक पुलिया का निर्माण नहीं कराया गया. चक्का जाम के कारण भोपाल-सागर रोड के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई और यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा. लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन यंत्री (ईई) बी.के. सूत्रकार मौके पर पहुंचे, लोगों ने उनका घेराव कर जल्द पुलिया निर्माण की मांग रखी, हालांकि लोगों ने लिखित आश्वासन की मांग की. आश्वासन के बाद प्रदर्शन समाप्त कर दिया गया.

**क्या कहते हैं रहवासी,,**

रहवासियों का कहना है कि यदि विधायक कार्यालय और वार्ड-15 के आसपास ही बारिश का पानी भर रहा है, तो शहर के अन्य हिस्सों की स्थिति का अंदाजा लगाया जा सकता है . महामाया चौक सहित कई निचले इलाकों में हर बारिश के दौरान जलभराव की समस्या बनी रहती है . व्यापारियों को दुकानें बंद करनी पड़ती हैं, लेकिन वर्षों बाद भी स्थायी समाधान नहीं हो सका है . इस संबंध में लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन यंत्री बीके सूत्रकर ने बताया कि शीघ्र ही पुलिया का निर्माण कराया जाएगा .

## एक नजर में



### समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने दिए अधिकारियों को निर्देश

**रायसेन, 23 जून.** कलक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित बैठक में कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा द्वारा ज्ञान भारतम् अभियान के तहत पांडुलिपियों का डिजिटाइजेशन, फॉर्मर रजिस्ट्री कार्य की प्रगति और राजस्व तथा सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के निराकरण की प्रगति की विस्तृत समीक्षा कर एसडीएम, तहसीलदार, जनपद सीईओ और सीएमओ को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए . कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में अपर कलेक्टर मनोज उपाध्याय तथा संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे . विकासखंडों से एसडीएम, जनपद सीईओ, सीएमओ आदि वीसी के माध्यम से बैठक में उपस्थित रहे .



### डॉ . श्यामा प्रसाद मुखर्जी को भाजपाइयों ने दी श्रद्धांजलि

**सिलवानी, 23 जून.** नगर के बूथ क्रमांक 238 पर भाजपा बूथ अध्यक्ष मन्नू राजपूत के निवास पर मंगलवार को भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ . श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस श्रद्धापूर्वक मनाया गया . कार्यक्रम की शुरुआत डॉ . श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि देने के साथ हुई . इस अवसर पर उपस्थित भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने उनके राष्ट्र निर्माण में दिए गए योगदान को स्मरण करते हुए उन्हें नमन किया . कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा मंडल अध्यक्ष श्याम साहू ने कहा कि डॉ . श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने भारत की एकता, अखंडता और राष्ट्रीय स्वाभिमान की रक्षा के लिए अपना संपूर्ण जीवन समर्पित कर दिया . उन्होंने कहा कि डॉ . मुखर्जी का बलिदान देशवासियों के लिए प्रेरणास्रोत है . उनके विचार आज भी राष्ट्रहित और जनसेवा के मार्ग पर चलने की प्रेरणा प्रदान करते हैं . उन्होंने कहा कि डॉ . श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने एक देश में दो विधान, दो प्रधान और दो निशान नहीं चलेंगे के संकल्प को लेकर संघर्ष किया और राष्ट्र की एकता के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया . भाजपा कार्यकर्ताओं का दायित्व है कि वे उनके आदर्शों एवं विचारों को जन-जन तक पहुंचाएं .

# माहेश्वरी समाज ने निकाली भगवान महेश की शोभायात्रा

**▸ महेश नवमी पर नगर में पुष्प वर्षा के साथ जगह-जगह हुआ स्वागत**

**नवभारत न्यूज**
**रायसेन, 23 जून .** प्रतिवर्ष की भांति इस बार भी मंगलवार को महेश नवमी के पावन अवसर पर देवाधिदेव भगवान महेश जी की शोभा यात्रा नगर माहेश्वरी समाज द्वारा धूमधाम के साथ निकली गई. इस अवसर पर जयंती के उपलक्ष में नगर के शिवोम तीर्थ दुर्गा शक्तिपीठ मंदिर मुखर्जी नगर से भगवान महेश की शोभायात्रा धूमधाम के साथ शुरू की गई जिसमें माहेश्वरी समाज के महिला, पुरुष, बच्चे अपनी पारंपरिक मारवाड़ी वेशभूषा के साथ उत्साह के साथ शामिल हुए. शोभा यात्रा का नगर में जगह-



जगह पुष्प वर्षा कर लोगों ने स्वागत किया, शोभायात्रा मुखर्जी नगर, सागर मार्ग, भोपाल सागर तिराहा, रामलीला गेट के सामने से होते हुए महामाया चौक, सांची मार्ग होकर विभिन्न मार्गो से निकाली गई जिसका नगर में जगह-जगह विभिन्न समाजों के लोगों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया एवं भगवान महेश जी के दर्शन लाभ लिए . शोभा यात्रा में शहर के माहेश्वरी समाज के लोग भगवान महेश के जयकारे लगाते हुए साथ चल रहे थे . शोभा यात्रा के बाद में महेश्वरी समाज द्वारा भगवान महेश जी की विशेष पूजा अर्चना एवं महा आरती के साथ प्रसादी का वितरण किया.

# बस ने मोटरसाइकिल को मारी टक्कर, युवक गंभीर

**▸ बरखेड़ी चौराहे के पास हुआ हादसा, घायल भोपाल रेफर**

**नवभारत न्यूज**
**सलामतपुर, 23 जून. भोपाल-विदिशा स्टेट हाईवे-18 पर स्थित बेरखेड़ी चौराहा के पास एक यात्री बस और मोटरसाइकिल के बीच हुई टक्कर में मोटरसाइकिल सवार गंभीर रूप से घायल हो गया. घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई.** प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, शक्ति कंपनी की यात्री बस एमपी40 पी 0176 ने मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी,जिससे बाइक चालक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया. सूचना



मिलते ही 108 एंबुलेंस मौके पर पहुंची और घायल को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल विदिशा भेजा गया.घटना की जानकारी मिलते ही सलामतपुर पुलिस भी मौके पर पहुंची और दुर्घटनाग्रस्त बस को अपने कब्जे में लेकर ज़ब्त कर लिया है.

पुलिस द्वारा मामले की जांच कर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है. पुलिस का कहना है कि दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है.

# मोहम्मद सऊद का आर्मी एयर डिफेंस में चयन

**बेगमगंज, 23 जून. कटरा मोहल्ला निवासी, हाजी सिराज टेलर के होनहार बेटे मो. सऊद ने अपनी मेहनत और लगन से पूरे क्षेत्र का मान बढ़ाया है. सऊद का चयन इंडियन आर्मी की (आर्मी एयर डिफेंस) में हुआ है.**




?ओडिशा में अपनी कड़ी ट्रेनिंग और 'पासिंग आउट परेड' सफलतापूर्वक संपन्न करने के बाद, सऊद अब देश की सुरक्षा का जिम्मा संभालने के लिए तैयार हैं. यह सफलता न केवल उनके परिवार के लिए, बल्कि पूरे बेगमगंज के लिए गौरव की बात है. इस जांबाज बेटे की सफलता पर समाजसेवी संस्था इस्लाहे मिल्लत कमेटी, मजलिसे शूरा, मुस्लिम त्यौहार कमेटी, अल खैर ह्यूमन वेलफेयर सोसायटी, रंगरेज बिरादरी,मंसूरी समाज संगठन, न्यू रंग मोमिन ग्रुप आदि ने मो. सऊद को उज्जवल भविष्य के साथ शुभकामनाएं और बधाई दी है.

# पटवारी पर सीमांकन, भूमि में हेराफेरी का आरोप

**▸ जनसुनवाई में कलेक्टर से खोहा गांव के किसानों ने की शिकायत**

**नवभारत न्यूज**
**सलामतपुर/ रायसेन, 23 जून. मंगलवार को कलेक्ट्रेट में जनसुनवाई में कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा ने आवेदकों से सीधे संवाद किया. वे स्वयं बाहर लाइन में लगे लोगों के बीच पहुंचे और उनकी समस्याएं सुनीं.**

कलेक्टर ने अंतिम आवेदक तक पहुंचकर आवेदन लिए. उन्होंने कई मामलों का मौके पर



ही निराकरण कराया, जबकि शेष मामलों के शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया. टप्पा सांची तहसील के ग्राम खोहा के किसानों ने पटवारी हल्का नंबर-5 के पटवारी धर्मेंद्र नायक पर गंभीर आरोप लगाए. किसानों ने कलेक्टर को सौंपे आवेदन में कहा कि पटवारी नियम विरुद्ध सीमांकन और भूमि में हेराफेरी कर रहे हैं. किसानों के अनुसार, वे वर्ष 1983 में अनुदान में मिली भूमि पर लगभग 40 वर्षों से खेती कर रहे हैं. अब बिना वैधानिक प्रक्रिया पूरी किए सीमांकन कर कुछ लोगों को उस पर कब्जा दिलाने का प्रयास किया जा रहा है. ग्रामीणों ने प्रस्तावित सीमांकन पर रोक लगाने, निष्पक्ष जांच की मांग की. रायसेन निवासी रंजीत राठौर ने 27 अप्रैल 2026 को माना और कुशयारी के बीच हुए सड़क हादसे में कार्रवाई न होने की शिकायत की. उन्होंने बताया दुर्घटना में तीन लोग घायल हुए थे, लेकिन दो माह बाद भी वाहन जब्त नहीं किया. राठौर ने सेंडोरा चौकी के एक पुलिसकर्मी पर पैसे मांगने का आरोप लगाया. उन्होंने कार्रवाई करने और पीड़ितों को आर्थिक सहायता दिलाने की मांग की.

# पीटीजी वनरक्षक भर्ती के लिए हुई पैदल चाल

**रायसेन, 23 जून.** रायसेन में वनमण्डलाधिकारी सामान्य रायसेन प्रतिभा शुक्ला के निर्देशन में मंगलवार प्रातः 05.30 बजे पैदल चाल का आयोजन किया गया. विशेष पिछड़ी आदिम जनजाति वर्ग (पीटीजी) वनरक्षक भर्ती वर्ष 2026 जिला रायसेन के अंतर्गत आयोजित इस पैदल चाल हेतु अभ्यर्थियों को वनमण्डल कार्यालय के सामने से हरी झण्डी



दिखाकर रवाना किया गया तथा यह चाल वनमण्डल कार्यालय पर वापस समाप्त हुई.

वनरक्षक के रिक्त 10 पदों के विरूद्ध 05 गुना अर्थात 50 अभ्यर्थियों को प्रवेश पत्र जारी कर बुलाया गया था.

इसमें प्रथम चरण के लिए 22 जुलाई 2026 को अभ्यर्थियों के अभिलेख परीक्षण एवं शारीरिक माप प्रक्रिया रखी गई थी. वनरक्षक भर्ती में पैदल चाल हेतु पुरूष अभ्यर्थियों को 25 किमी एवं महिला अभ्यर्थियों को 14 किमी की दूरी 04 घण्टे नियत की गई.

# कलियुग में घट रही आयु, शतायु स्वप्न समान

**▸ श्रीराम महायज्ञ व हनुमत प्रतिष्ठा कार्यक्रम**

**बेगमगंज, 23 जून. श्री राम लला प्रतिष्ठा एवं हनुमत पुनः प्रतिष्ठा के पावन उपलक्ष्य में श्री राम महायज्ञ एवं हनुमत प्रतिष्ठा का कार्यक्रम 20 से 24 जून तक किया जा रहा है.**

चतुर्थ दिवस यज्ञाचार्य पंडित कमलेश कृष्ण शास्त्री ने कहा



कितना सटीक लिख दिया गया था हमारे शास्त्रों में कलियुग के वर्णन में. कलियुग में लोगों की आयु घटते घटते मात्र 16 वर्ष रह जायेगी. आज मसूरी और पहाड़ों पर आठ आठ घंटे का जाम लगता है और तेजी से रिहायशी कॉलोनी का विकास हो रहा है हमारे ऋषियों या पुरातन वैज्ञानिकों को यह पता था कि कलियुग में मनुष्य भौतिकता में इतना अंधा हो जाएगा कि प्रकृति को नहीं छोड़ेगा. इतना प्रदूषण कर देगा कि आसमान में तारे दिखना बंद हो जायेंगे , फिर एक दिन चन्द्रमा,सूर्य भी दिखना बंद हो जाएगा.

# फार्मर रजिस्ट्री का कार्य शीघ्रता से पूर्ण कराएं अधिकारी

**रायसेन, 23 जून.** कलक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित बैठक में कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा द्वारा ज्ञान भारतम् अभियान के तहत पांडुलिपियों का डिजिटाइजेशन, फॉर्मर रजिस्ट्री कार्य की प्रगति और राजस्व तथा सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के निराकरण की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई. कलेक्टर ने सभी एसडीएम से ज्ञान भारतम अभियान के तहत पांडुलिपियां अपलोड किए जाने की जानकारी लेते हुए कहा कि क्षेत्र के विभिन्न धार्मिक स्थलों, मंदिरों, संस्थाओं आदि से सम्पर्क कर उनके पास उपलब्ध पांडुलिपियों को स्कैन कर वेबसाइट पर अपलोड कराएं.

**मूंग हेराफेरी कांड ▸ एकता जैन और अवधेश गौर पुलिस की पहुंच से दूर, उठ रहे कई सवाल**

# फरार आरोपी पुलिस से खेल रहे आंख मिचौली

**नवभारत न्यूज**
**सिलवानी, 23 जून. सरकारी मूंग हेराफेरी कांड को लेकर अब जांच की गति और प्राथमिकताओं पर सवाल उठने लगे हैं. एक ओर पुलिस ने हाल ही में गुमशुदा दो बालिकाओं को महज 72 घंटे के भीतर सकुशल बरामद कर अपनी तत्परता का परिचय दिया, वहीं दूसरी ओर बहुचर्चित मूंग हेराफेरी मामले में नामजद बताए जा रहे फरार आरोपियों तक पुलिस अब तक नहीं पहुंच पाई है.**

सर्वोदयश्री वेयरहाउस से सरकारी मूंग गायब होने के मामले में पुलिस कई गिरफ्तारियां कर चुकी है और सैकड़ों बोरी मूंग बरामद करने का दावा भी कर चुकी है. इस घटनाक्रम के मगरमच्छ को नहीं पकड़ पा रही और मछलियों को पकड़कर अपनी पीठ थपथपा रही है. वेयरहाउस संचालक एकता जैन और वेयरहाउस कॉर्पोरेशन से जुड़े अधिकारी अवधेश गौर अब तक गिरफ्तारी से बाहर बताए जा रहे हैं.क्षेत्र में लोगों के बीच यह सवाल चर्चा का विषय बना हुआ है कि जब पुलिस विशेष अभियानों में कुछ ही दिनों में सफलता हासिल कर सकती है, तो फिर इस मामले के फरार आरोपियों की गिरफ्तारी में लगातार देरी क्यों हो रही है, क्या उनकी तलाश में अपेक्षित स्तर की कार्रवाई हो रही है, या जांच किसी कारणवश धीमी पड़ गई है.लोग यह भी पूछ रहे हैं कि जिस वेयरहाउस से सरकारी उपज गायब हुई, उसकी जवाबदेही तय करने की दिशा में क्या प्रगति हुई है. सरकारी अनाज की सुरक्षा और निगरानी से जुड़े अधिकारियों की भूमिका की जांच किस स्तर तक पहुंची है, इस पर भी स्पष्ट जानकारी सामने नहीं आई है.हालांकि, किसी भी व्यक्ति को दोषी ठहराना जांच और न्यायिक प्रक्रिया का विषय है. लेकिन जनता की अपेक्षा है कि जिस तेजी से अन्य मामलों में कार्रवाई होती है, उसी गंभीरता के साथ इस मामले में भी फरार आरोपियों को कानून के दायरे में लाया जाए.

**जनता के बीच गूंज रहे सवाल**

- 72 घंटे में गुमशुदा बालिकाओं की बरामदगी संभव है, तो फरार आरोपियों की गिरफ्तारी में देरी क्यों.
- एकता जैन, अवधेश गौर तक पुलिस अब तक क्यों नहीं पहुंच पाई.
- जांच सभी जिम्मेदारों तक पहुंचेगी?
- लाखों की सरकारी उपज गायब होने की जवाबदेही किसकी तय होगी.
- फिलहाल पूरे मामले में लोगों की निगाहें पुलिस जांच पर टिकी हैं और सभी को इंतजार है कि फरार आरोपियों के संबंध में अगला बड़ा कदम कब सामने आता है.

**इनका कहना है ...**

पुलिस सरगर्मी से आरोपियों की तलाश कर रही है, शीघ्र ही गिरफ़्तारी की जाएगी. आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद आरोपियों से मूंग की पूछताछ की जाएगी.
**कुंअर सिंह मुकाती, एसडीओपी**

# रामपाल बने प्रदेश भाजपा कार्य समिति सदस्य

**▸ कई वरिष्ठ नेताओं को नहीं मिला स्थान**

**रायसेन, 23 जून. प्रदेश भाजपा अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल द्वारा मंगलवार को जारी की गई प्रदेश भाजपा कार्य समिति की सूची में रायसेन जिले से एकमात्र भाजपा नेता पूर्व विधायक ठाकुर रामपाल सिंह को प्रदेश कार्य समिति में सदस्य बनाया गया है, पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मंत्री डॉक्टर गौरी शंकर शेजवार को स्थाई विशेष आमंत्रित सदस्य बनाया गया है .**

इसके अलावा बात करें रायसेन जिले से किसी भी अन्य भाजपा नेता को प्रदेश समिति में शामिल नहीं किया जाना आम जनता में चर्चा का विषय है. उम्मीद की जा



रही थी कि रायसेन जिले से दो से तीन भाजपा नेताओं को प्रदेश समिति में लिया जाएगा परंतु जिले से मात्र एक पूर्व मंत्री ठाकुर रामपाल सिंह को ही स्थान दिया गया है, इसके अलावा जिले में कई बहुसंख्यक समाजों के नेताओं जो कि बरसों से भाजपा पार्टी में रहकर काम करते आ रहे हैं उन्हें इस बार प्रदेश समिति में स्थान नहीं मिल सका है. सिलवानी विधानसभा के पूर्व विधायक ठाकुर रामपाल सिंह को लिए जाने उनके समर्थकों में हर्ष का वातावरण देखा जा रहा है, जिले की भोजपुर एवं बरेली विधानसभा क्षेत्र से किसी भी भाजपा नेता को प्रदेश कार्य समिति में शामिल नहीं किए जाने से पार्टी के कई वरिष्ठ कार्यकर्ताओं में भीतर ही भीतर असंतोष का वातावरण देखने में आ रहा है. बता दें कि सांची से विधायक डॉक्टर प्रभु राम चौधरी को पहले ही भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष बनाया जा चुका है और बात करे उदयपुरा क्षेत्र की तो यहाँ के भाजपा विधायक नरेंद्र शिवाजी पटेल को पहले ही मंत्रिमंडल में राज्य मंत्री बनाया जा चुका है, इस कारण इन क्षेत्रों से किसी भाजपा नेता को प्रदेश कार्य समिति में नहीं लेना बताया जा रहा है.